MASSEY FERGUSON
MASSEY FERGUSON

गांव जहां कोई नहीं करता धूम्रपान व मदिरापान

बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू भी बिकते गांव से बाहर, मालखेड़ी के युवा खेलों में बिताते हैं वक्त तो बुजुर्ग खेतों में।

NAI DUNIA NEWS NETWORK
Updated Date: | Sun, 08 Nov 2015 04:00 AM (IST)
Published Date: | Sun, 08 Nov 2015 12:26 AM (IST)

विज्ञापन

संजीव गुप्ता, कैथल। हरियाणा के जिला कैथल का मालखेड़ी गांव आसपास के गांवों के लिए अनूठी मिसाल साबित हो रहा है। पूरी तरह नशामुक्त इस गांव में हजारों की आबादी होने पर भी न कोई धूम्रपान करता है और न मदिरापान। गांव में तो इनकी बिक्री पर भी पाबंदी है। नशा छोड़कर युवा अब जहां खेलों पर ध्यान देते हैं तो बुजुर्ग खेतों पर।

जिला सचिवालय से 15 किमी की दूरी पर स्थित इस गांव में साढ़े चार हजार की आबादी है जबकि मतदाता 1500 के करीब हैं। गांव के ज्यादातर लोगों का व्यवसाय खेतीबाड़ी है। बावजूद इसके चाहे गांव के युवा हों या बुजुर्ग, सभी नशे की प्रवृत्ति से दूर हैं। पूरे गांव में शराब का कोई ठेका भी नहीं है। किसी दुकान पर बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू भी नहीं बिकता।

सरपंच शमशेर सिंह बताते हैं कि पंजाब के युवाओं को नशे की गर्त में जाते देख ग्रामीणों ने काफी साल पहले निर्णय कर लिया था कि वे इस गांव से नशे को दूर रखेंगे। इसी के मद्देनजर युवाओं को खेलों की ओर मोड़ दिया गया। साथ ही दुकानदारों को भी ताकीद कर दी गई कि वे नशीले पदार्थों की बिक्री न करें। इस निर्णय का सभी ने सम्मान किया।

पूर्व सरपंच और समाजसेवा में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता दर्शन सिंह मालखेड़ी कहते हैं कि अब तो नशा मुक्ति ग्रामीणों के लिए परंपरा बन गई है।

Posted By: Nai Dunia News Networ

k

 # Haryana **# Kaithal** **# Malkhedi village** **# Smoke free village** **# Drink free village** **# Driniking prohibited** **# Opiate village**

देश

विज्ञापन

विज्ञापन

जरूर पढ़ें

MADHYA PRADESH

Today in Indore: मराठी नाटक का होगा मंचन, चित्रों की लगेगी प्रदर्शनी, संतों के होंगे प्रवचन

MADHYA PRADESH

Rakshabandhan 2023: रक्षाबंधन का पर्व भद्रा समाप्ति के बाद मनाया जाना शास्त्र सम्मत

CHHATTISGARH

सूने घर से 58 हजार की जेवर और नगदी पार

CHHATTISGARH

भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने नवमतदाताओं का किया अभिनंदन

CHHATTISGARH

कांग्रेस सरकार की योजना से सभी लाभावित : राय

CHHATTISGARH

भटचौरा गोठान में तीन मवेशियों की हुई मौत, बरसात में बचने नहीं की गई व्यवस्था

नईदुनिया

Copyright © 2023 Naidunia.

Jagran.com

Health

Education

Inextlive

Her Zindagi

Radio City

Blogs

Authors

Home

About Naidunia

Advertise With Us

Disclaimer

Privacy Policy

Contact Us

Sitemap

RSS

This website follows the DNPA’s code of conduct

For any feedback or complaint, email to:

compliant_gro@jagrannewmedia.com

GOOGLE PLAY

GOOGLE PLAY

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**.

OK